Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title: Need to construct a railway overbridge at Sagar Railway crossing gate in Bina, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर): सभापति महोदय, देश के वे सभी रेलवे फाटक, जो बड़ी संख्या में रेलों के आवागमन तथा यातायात का अत्यधिक ट्रैफिक होने से अक्सर बन्द रहते हैं, इस कारण लोगों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मेरे संसदीय क्षेत्र के बीना नगर से स्टेशन की तरफ जाने में पड़ने वाला सागर रेलवे गेट ट्रेनों के अत्यधिक संख्या में आवागमन से अक्सर बन्द रहता है। उसके दूसरी तरफ कान्वेंट स्कूल, कालेज एवं स्टेशन होने से छात्रों को तथा बाहर से जाने-आने वाले यात्रियों को काफी कठिनाई होती है। गेट बन्द होने से कई बार यात्री ट्रेन पकड़ने से वंचित रह जाते हैं तथा समय पर भोपाल नहीं पहुंच पाने से कई गम्भीर रूप से पीड़ित मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बीना से स्टेशन की तरफ जाने वाले सागर फाटक पर तथा झांसी फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज बनवाने का सहयोग करें।